वेबसाइट पर अपलोड हेतु

# तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय

तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय
अप्प दीपो भव
स्थापना वर्ष 2014

बचगावाँ (हरदेवपुरवा) पसगवाँ (खीरी) कोड-3027
Affiliated by:- Lucknow University, Lucknow
अध्यक्ष/प्रबन्धक/प्राचार्य
Mob. 9984579957

पत्रांक

OFFICE OF THE REGISTRAR
07 AUG 2026
No. 8277
LUCKNOW UNIVERSITY

दिनाँक 6/8/26

सेवा में

कुलसचिव

लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ

विषय:- प्रवाक्तायों के विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

सादर अवगत कराना है की तक्षशिला महाविद्यालय- बचगावा खीरी (3027) स्ववित्पोषित योजना के अंतर्गत संचालित BA में **अतरिक्त विषय इतिहास एवं राजनीतिशात्र** हेतु सहायक आचार्य पदों के नियुक्ति के लिए दो अखबार में लगातार तीन दिन विज्ञापन नियमानुसार प्रकाशित किया गया है अतः आप विनम्र अनुरोध है विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें

संग्लग्न:- 1 अखबारों की छायाप्रति

1.युवा हस्ताक्षर में दिनांक 29/07/2026 ,30/07/2026,31/07/2026

2.लोकचेतना प्रवाहिका 29/07/2026 ,30/07/2026,31/07/2026

इंचार्ज (वेबसाइट)

FC
07.8.2026

प्रबन्धक
तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय
बचगावां - पसगवां - खीरी

हुए। हाईवे स्थित इंडियन ढाबे के बाहर मंगलवार की रात करीब 9रू30 बजे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि तीन गाड़ियों में गोवंश तस्करी के लिए ले जाए जा रहे हैं। इस पर अन्य संगठन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। चालक और व्यापारियों के साथ गोवंश मालिकों से उलझ गए। हंगामे की सूचना पर कोतवाल फोर्स के साथ पहुंचे। व्यापारियों और गोवंश मालिकों से बात की। मालिकों ने बताया कि वह गोरखपुर से मवेशी लेकर मध्य प्रदेश में लगने वाले मेले में जा रहे हैं।

## सड़कों पर मौत का ट्रायल, धड़ल्ले से चल रहे अवैध मोटर ड्राइविंग स्कूल

कानपुर (सवाददाता)कानपुर में परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर 50 से अधिक अवैध मोटर ड्राइविंग स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जबकि आरटीओ रिकॉर्ड में केवल 11 स्कूल ही दर्ज हैं। अमर उजाला की पड़ताल में बिना अनुमति, सुरक्षा मानकों और कमर्शियल वाहनों के चल रहे इन सेंटरों का खुलासा हुआ है, जहां व्यस्त सड़कों पर नौसिखियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।कानपुर शहर की सड़कों पर दौड़ रही कारों के स्टेयरिंग पर बैठे कई चालक अभी पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं है। ऐसे नौसिखिए चालकों को तैयार करने का काम शहर में खुले अवैध मोटर ड्राइविंग स्कूल कर रहे हैं। बिना लाइसेंस, बिना सुरक्षा मानकों और बिना किसी जवाबदेही के छोटी-छोटी दुकानों में चल रहे ये संस्थान लोगों की जान जोखिम में डालकर वाहन चलाना सिखा रहे हैं।

...ालय

...ित किए जाते हैं-

| ...की संख्या |
|---|
| ...1 पद |
| ...2 पद |
| ...2 पद |
| ...2 पद |
| ...2 पद |

...ानकों के अनुसार।

...अपना आवेदन ...जें।

– प्रबंधक

## साइबर अपराधियों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान : पुलिस आयुक्त

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के नए पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। इसके बाद वह पुलिस लाइन पहुंचे और प्रेस वार्ता कर अपनी प्राथमिकताएं बताई। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ चल रहा अभियान जारी रहेगा। साइबर क्राइम पर नकेल कसने के लिए और मजबूती से काम किया जाएगा। साइबर थाने में संसाधनों की कमी को दूर किया जाएगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर ठगी के शिकार लोगों को उनकी रकम वापस दिलाने पर जोर दिया जाएगा। पुलिस रेस्पांस टाइम को और बेहतर करने का प्रयास रहेगा। तकनीक का इस्तेमाल कर डेटा एनालिसिस किया जाएगा। शासन की प्राथमिकताओं के तहत महिला अपराध और संगठित गिरोह के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मिशन शक्ति अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा। थाने स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का निदान हो जाए, इसका प्रयास किया जाएगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर करना प्राथमिकता है। वीआईपी मूवमेंट और धरना-प्रदर्शन के कारण कई बार यातायात का दबाव बढ जाता है। राजधानी में आए दिन कार्यक्रम भी आयोजित होते रहते हैं। यातायात का दबाव कम करने के लिए काम किया जाएगा। सुगम यातायात पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी होती रहती है।

# आवश्यकता है

# तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय

बचगावा, पसगवां, लखीमपुर खीरी

महाविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है –

| क्रम. | विषय | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इतिहास | 02 पद |
| 2. | राजनीति विज्ञान | 02 पद |
| 3. | एम.एससी. (वनस्पति विज्ञान) | 03 पद |

**योग्यता :** यू.जी.सी. एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानकों के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 07 दिनों के अंदर महाविद्यालय में स्पीड पोस्ट या मेल आई डी पर आवेदन करें।

**ई-मेल :** acjauharkheri@gmail.com

– प्रबंधक